NSW GOVERNMENT | Sydney METRO

वेस्ट

# Sydney Metro West स्टेशनों की पुष्टि

2019




Westmead मेट्रो स्टेशन का कलाकार की आवृति

Sydney Metro West पर काम 2020 में शुरू होना तय है – जिससे पश्चिमी सिडनी में विश्व-स्तरीय मेट्रो रेल आएगी।

औपचारिक नियोजन प्रक्रिया अब शुरू हो चुकी है, इसमें Westmead, Parramatta, Sydney Olympic Park, North Strathfield, Burwood North, Five Dock, और The Bays Precinct पर नए मेट्रो स्टेशनों की पुष्टि की जानी शामिल है।

Sydney Metro West सिटी का अगला बड़ा भूमिगत मेट्रो रेलवे होगा – एक नया आसान लिंक जो सिडनी और Parramatta CBDs के बीच रेल क्षमता को दुगना करेगा। मेट्रो रेल दो क्रेन्द्रों के बीच सबसे आसान और सबसे तेज यात्रा का माध्यम बन जाएगी।

यह प्रौजेक्ट Westmead और Sydney CBD के बीच 24 किलोमीटर की दोहरी सुरंग प्रदान करेगा, जो नए समुदायों को रेल सेवाओं से जोड़ेगी, मौजूदा ट्रेन लाइनों से दबाव कम करेगी, रोज़गार वृद्धि का समर्थन करेगी और 2036 तक पश्चिमी सिडनी में रहने वाले 32 लाख लोगों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करेगी।

NSW की सरकार Rydalmere और Pyrmont पर वैकल्पिक स्टेशनों का आकलन कर रही है और Sydney CBD में नए मेट्रो स्टेशन के स्थान को निर्धारित करने के काम पर योजना बनाई जा रही है।

**Sydney Metro West** का **Parramatta** और **Sydney CBD** के बीच यात्रा करने में लगने वाले समय का लक्ष्य लगभग **20 मिनट** का होगा

## Sydney Metro West की मुख्य विशिष्टताएँ हैं:

- अधिक तेज़, Parramatta, Sydney Olympic Park और The Bays जैसे मुख्य रोज़गार और शैक्षिक केन्द्रों तक और अधिक बारंबार पहुँच
- ऑस्ट्रेलिया के सबसे विशाल स्वास्थ्य और शिक्षा केन्द्रों में से एक Westmead पर एक नया मेट्रो स्टेशन
- Burwood North, Five Dock और The Bays पर पहली बार नई रेल सेवाएँ प्रदान करना
- सिडनी के खेलकूद और मनोरंजनात्मक विशाल केन्द्र Sydney Olympic Park पर एक नया मेट्रो स्टेशन
- सिडने की बाकी की लोक परिवहन प्रणाली के साथ एकीकृत
- ट्रेन और प्लेटफॉर्मों के बीच लिफ्टों और लेवल एक्सेस के साथ पूरी तरह से सुलभ
- अगली सदी की पूरी तरह से एयर-कंडीशनड मेट्रो ट्रेनें
- स्टेशन, ट्रेनों और रेलवे ट्रैक जैसी Sydney Metro की सभी मूलभूत सुविधाओं का स्वामित्व NSW की सरकार के पास है
- Sydney Metro, Opal टिकटिंग का प्रयोग करती है और किराए NSW की सरकार द्वारा तय किए जाते हैं

# Sydney Metro West के स्टेशन

**Westmead**

प्रस्तावित Westmead मेट्रो स्टेशन मौजूद Westmead स्टेशन के दक्षिण की ओर, Hawkesbury Road की पूर्वी तरफ स्थित होगा। स्टेशन का एक प्रवेश द्वार होगा जो Hawkesbury Road पर स्थित होगा।



Westmead अस्पताल

Westmead

Rydalmere

Parramatta

Clyde

Silverwater

Sydney Olympic Park

North Strathfield

**Rydalmere**

Rydalmere पर संभाव्यता के तहत एक कार्यनीतिक स्टेशन विकल्प के तौर पर विचार किया जा रहा है।



Western Sydney University, Rydalmere.

**Parramatta**

प्रस्तावित Parramatta मेट्रो स्टेशन George, Macquarie, Church और Smith स्ट्रीट के ब्लॉक पर होगा और इसका प्रवेश द्वारा Horwood Place पर स्थित होगा



Western Sydney University, Parramatta.

**Sydney Olympic Park**

प्रस्तावित Sydney Olympic Park मेट्रो स्टेशन मौजूदा Olympic Park स्टेशन के दक्षिण की ओर स्थित होगा। स्टेशन Olympic Boulevard के पूर्व में होगा और स्टेशन के मुख्य द्वारा Herb Elliot Avenue और Figtree Drive के बीच तथा Dawn Fraser Avenue के साथ स्थित होंगे।



Sydney Olympic Park.

**North Strathfield**

प्रस्तावित North Strathfield मेट्रो स्टेशन मौजूदा North Strathfield स्टेशन के समीप स्थित होगा। नए मेट्रो प्लेटफॉर्म मौजूदा स्टेशन के साथ-साथ होंगे और स्टेशन पर प्रवेश Queen Street पर एक नए प्रवेश द्वार से उपलब्ध होगा।



A North Strathfield कैफ़े।

मुख्य

- Sydney Metro West (अंतिम संरेखण की पुष्टि की जानी है)
- Sydney CBD जांच क्षेत्र
- वैकल्पिक स्टेशन
- सेवा सुविधा-केन्द्र
- संभाल-स्थान और रखरखाव केन्द्र
- सिडनी ट्रेन उप-नगरीय नेटवर्क

0 3km

### Five Dock

प्रस्तावित Five Dock स्टेशन Great North Road के साथ, East Street के बीच और फिर Second Avenue तथा Waterview Street के कॉर्नर पर स्थित होगा। स्टेशन का द्वार Great North Road के साथ Fred Kelly Place पर स्थित होगा।



Great North Road, Five Dock.

### The Bays Precinct

प्रस्तावित Bays स्टेशन Glebe Island और White Bay Power स्टेशन के बीच स्थित होगा और इसका प्रवेश द्वार White Bay के दक्षिण की ओर होगा।



White Bay.

### Sydney CBD

प्रस्तावित Sydney CBD स्टेशन का स्थान आगे अधिक जांच-पड़ताल और सामुदायिक तथा हितधारक सहभागिता के पश्चात निर्धारित किया जाएगा।




Sydney Metro का स्टेशन।

Burwood North

Five Dock


The Bays Precinct

Pyrmont

Sydney CBD

### Burwood North

प्रस्तावित Burwood North स्टेशन Burwood और Parramatta roads के कॉर्नर पर स्थित होगा, और इसके प्रवेश द्वार Parramatta Road के उत्तरी और दक्षिणी, दोनों, तरफ स्थित होंगे।



Burwood Park.

### Pyrmont

Pyrmont पर संभाव्यता के तहत एक कार्यनीतिक स्टेशन विकल्प के तौर पर विचार किया जा रहा है।



ऑस्ट्रेलियाई समुद्री संग्रहालय

## समुदाय के साथ काम करना

### प्लेस मैनेजर

Sydney Metro West के समर्पित सामुदायिक संबंध विशेषज्ञ हैं जिन्हें प्लेस मैनेजर कहा जाता है और जिनसे प्रौजेक्ट के बारे में अधिक जानकारी के लिए संपर्क किया जा सकता है। इनकी भूमिका में समुदाय के सदस्यों और प्रौजेक्ट टीम के बीच एकमात्र, प्रत्यक्ष संपर्क के रूप में काम करना शामिल है।

### संपत्ति अधिग्रहण

हमारे व्यक्तिगत और अधिग्रहण प्रबंधक किसी ऐसे मालिक या किराएदार के साथ संपर्क करेंगे जिनकी संपत्ति को प्रौजेक्ट से सीधा-सीधा नुकसान होता हो।



Sydney Metro का सामुदायिक समारोह।

## अगले चरण

2016 से, Sydney Metro स्थानीय समुदायों, हितधारकों और उद्योग के साथ एक ऐसे प्रौजेक्ट का निर्माण करने के लिए काम कर रही है जो तेज़, सुरक्षित और विश्वसनीय मेट्रो रेल प्रदान करेगा।

Sydney Metro West की प्रौजेक्ट टीम आगे अधिक जन प्रदर्शनी और सामुदायिक परामर्श के लिए विस्तृत नियोजन और पर्यावरणीय आकलन दस्तावेज़ जमा करेगी।

प्रौजेक्ट की पहली अवस्था के लिए पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य – Westmead से लेकर The Bays तक, और Sydney CBD – को 2020 में जन प्रदर्शनी में स्थापित किया जाएगा। Sydney Metro West की आगे की अवस्थाओं का आकलन इसके बाद के पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्यों में किया जाएगा।

प्रदर्शनी अवधि के दौरान, समुदाय को निर्माण-कार्य के प्रभावों, शोर-शराबे और कंपन, स्थल तक पहुँच, ट्रैफिक और Sydney Metro के संचालनों जैसे विषयों पर अपने विचार प्रकट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रौजेक्ट टीम समुदाय से आकर मिलने वाले कई सत्रों का भी आयोजन करेगी जहाँ प्रौजेक्ट टीम के सदस्य किन्हीं सवालों का जवाब दे सकेंगे।

## Sydney Metro West के लिए नियोजन प्रक्रिया

**प्रारंभिक परामर्श**

- स्कोपिंग रिपोर्ट तैयार करें और इसे जमा करें, और सेक्रेटरी की पर्यावरणीय आकलन आवश्यकताओं (SEARs) के लिए निवेदन करें — हम यहाँ हैं
- सेक्रेटरी की पर्यावरणीय आकलन आवश्यकताएँ (SEARs) प्राप्त करें

**औपचारिक परामर्श**

- पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य तैयार करना और इसे प्रदर्शित करना – न्यूनतम 28 दिन — अपने विचार प्रकट करें
- सब्मिशन और पसंदीदा मूलभूत संरचना की रिपोर्ट तैयार करना और इसे जमा कराना

- प्रौजेक्ट संबंधी निर्धारण प्राप्त करें
- निर्माण-कार्य की शुरूआत करना
- यात्रियों के लिए खुला

Sydney Metro West प्रौजेक्ट की संक्षिप्त समीक्षा देखने के लिए यहाँ स्कैन करें

### हमें संपर्क करें

1800 612 173 सामुदायिक सूचना सेवा 24 घंटे खुली

sydneymetrowest@transport.nsw.gov.au

Sydney Metro West,
PO Box K659, Haymarket NSW 1240

यदि आपको किसी दुभाषिए की ज़रूरत है, तो TIS National से 131 450 पर संपर्क करें और उन्हें 1800 612 173 पर फोन करने के लिए कहें।

sydneymetro.info

© Sydney Metro 2019. 19132-WEST 10.19 (Hindi)